## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई एलडीए बोर्ड बैठक में पारित हुए कई प्रस्ताव

# लखनऊ को बहुत जल्द मिलेगा 20 EV चार्जिंग स्टेशन का गिफ्ट

**i GOOD NEWS**


lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (4 Dec):** दो हजार वर्गमीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों पर ग्रुप हाउसिंग बनाई जा सकेगी. इसके साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 20 चार्जिंग स्टेशन भी बनाए जाएंगे. यह फैसला एलडीए की बोर्ड बैठक में लिया गया. मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में हुई 183वीं बोर्ड बैठक में यह निर्णय भी हुआ कि एलडीए की मोहान रोड योजना प्रदेश का सबसे बड़ा एजुकेशन हब बनेगी. बैठक में एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार भी मौजूद रहे.

**102** एकड़ जमीन पर विकसित किया जाएगा स्पेशल एजुकेशन जोन

**02** वर्गमीटर व उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों पर अब ग्रुप हाउसिंग का निर्माण हो सकेगा

**100** वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल के भवनों पर सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाना अनिवार्य होगा



CONCEPT PIC

**मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में हुई 183वीं बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय**

### दुबई व कतर की तर्ज पर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत मोहान रोड योजना में 102 एकड़ जमीन पर विशेष शैक्षिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा. जहां दुबई व कतर देशों की तर्ज पर एक ही जगह पर प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक व उच्च शिक्षा की सुविधा उपलब्ध होगी. वीसी प्रथमेश कुमार ने बताया कि मोहान रोड योजना का विकास लगभग 78 5 एकड़ क्षेत्रफल में ग्रिड पैटर्न पर किया जाएगा. योजना में कुल 8 सेक्टर बनाये जाएंगे, जिसके प्रत्येक सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, सेक्टोरल शॉपिंग सेंटर, बारात घर और वेंडिंग जोन का प्रावधान किया जाएगा. योजना में 112.50 वर्गमीटर से 450 वर्गमीटर क्षेत्रफल के कुल 2532 आवासीय भूखंड के साथ ग्रुप हाउसिंग के बड़े भूखंड भी रहेंगे. योजना में शिक्षण संस्थानों के लिए अलग-अलग भूखंड के बजाए एक ही स्थान पर 102 एकड़ क्षेत्रफल का बड़ा भू-भाग दिया जा रहा है.

### इन जगहों पर बनेंगे 20 चार्जिंग स्टेशन

शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है. ऐसे में वाहन चालकों की सहूलियत के लिए अलग-अलग स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन बनाने की आवश्यकता है. इसे ध्यान में रखते प्राधिकरण ने निजी सहभागिता से जनेश्वर मिश्र पार्क, लोहिया पार्क व कानपुर रोड योजना स्थित ज्योतिबा फुले पार्क के निकट तीन चार्जिंग स्टेशन विकसित किये हैं. अब इसी तरह शहीद स्मारक पार्क, रूमी पार्क, पतंग पार्क, गौतम बुद्ध पार्क, सरोजनी नायडू पार्क, बेगम हजरत महल पार्क, लोहिया पार्क गेट नंबर-एक एवं दो, जनेश्वर मिश्र पार्क, पंचवटी पार्क, जॉगर्स पार्क, अंबेडकर पार्क, स्मृति उपवन, रमाबाई अंबेडकर मैदान, कालिंदी वन पार्क, स्वर्ण जयंती स्मृति विहार पार्क, पिकनिक स्पॉट गेट, राधा निकुंज पार्क, ज्योतिबा फुले जोनल पार्क व प्राधिकरण मुख्यालय में चार्जिंग स्टेशन के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी. जहां निजी कंपनियों द्वारा रेवेन्यु शेयरिंग मोड पर चार्जिंग स्टेशन का निर्माण व संचालन किया जाएगा.

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



### इन योजनाओं का दायरा बढ़ेगा

अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि सुलतानपुर रोड व किसान पथ पर प्रस्तावित प्राधिकरण की आईटी सिटी व वेलनेस सिटी आवासीय योजना का दायरा बढ़ेगा. इस क्रम में आईटी सिटी के लिए ग्राम-मोहारी खुर्द, मोहारी कला, सिद्धपुरा की लगभग 539 एकड़ भूमि व वेलनेस सिटी के लिए ग्राम-मस्तेमऊ की लगभग 127 एकड़ अतिरिक्त भूमि ली जाएगी.

### एक साल में कर सकेंगे भुगतान

प्राधिकरण द्वारा आवंटित सम्पत्तियों में मानक क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल होने पर आवंटी को बढ़े हुये क्षेत्रफल के मूल्य का भुगतान करने के लिए एक वर्ष तक का समय मिलेगा. इसके साथ ही 22 अवर अभियंताओं (सिविल) को आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती किया जाएगा.